तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 6 अप्रैल 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट





14 शीतला मंदिर में कन्याओं को कराया भोज



14 अष्टमी पर अंचल में गूंजा स्वाहा, श्रद्धालुओं ...


## नवरात्रि विशेष



### नवमीः सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्री की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-

सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि। सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी॥

## खबर संक्षेप



### एक फरार स्थाई वारंटी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बेमेतरा।** पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने जिले के विभिन्न थाना-चौकी के अपराधों में फरार स्थाई वारंटियों की धरपकड के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। यह टीम स्थायी वारंटियो को पकड़ने अभियान में जुटी हुई है। इसी कड़ी में 04 मार्च न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 2100108/2014, अपराध क्रमांक 02/08 धारा 403 भादवि के मामले में फरार स्थाई वारंटी शेख हमीद पिता अनीफ मुसलमान उम्र 20 साल संतोषी पारा थाना छावनी जिला दुर्ग को पकड़ा गया है। अग्रिम कार्रवाई करते हुए न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना नवागढ़ प्रभारी एवं गठित टीम प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, आरक्षक पीलाराम साहू, संजय पाटिल, मोती जायसवाल एवं अन्य स्टाफ शामिल थे।

# एनसीईआरटी-एससीईआरटी की जगह प्राइवेट पब्लिकेशन की किताबें खरीदने का दबाव

## निजी स्कूलों के पालक तीन गुना तक अधिक दाम देने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

शहर से लेकर जिलेभर में निजी स्कूलों की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। मनचाही फीस वसूलने वाली निजी स्कूलें अब पालक पर एनसीईआरटी एवं एससीईआरटी जगह निजी पब्लिकेशन की किताबें खरीदने दबाव बना रही हैं। जबकि एनसीईआरटी-एससीईआरटी के मुकाबले यह किताबें तीन गुना महंगी हैं। इतना ही नहीं यह फीस बढ़ोतरी को लेकर भी गाईड लाइन का पालन किए बिना इजाफा किया जा रहा है। निजी स्कूल दुकानदारों से मिलीभगत कर एनसीईआरटी की जगह निजी प्रकाशकों की किताबें बेचते हैं जबकि निजी प्रकाशकों किताबें एनसीईआरटी की किताबों से कई गुना महंगी रहती हैं। निजी स्कूल बुक स्टॉल पर सेट करके रखे हैं, उन्हीं की दुकानों पर उनके स्कूलों का कोर्स उपलब्ध है। हालांकि शासन के निर्देशानुसार एनसीईआरटी के अतिरिक्त निजी प्रकाशकों की किताब खरीदने के लिए मजबूर किए जाने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। निजी पब्लिकेशन और एनसीईआरटी के दामों में अंतर इससे समझा जा सकता है कि केंद्रीय विद्यालय के कक्षा छठवीं की किताबें और कॉपी दोनों मिलाकर दो हजार रुपए में आ रही है। वहीं निजी स्कूलों में प्राईवेट पब्लिकेशन की किताबें एवं कॉपी लेने पर यह रकम सीधे पांच से सात हजार रुपए जेब से जा रहे हैं। बहरहाल जिस तरह से महंगी फीस से भरने में जहां पालक व्यथित हैं, वहीं उन्हें महंगी किताबें भी खरीदने मजबूर होना पड़ रहा है। हालंकि पालक इस पर प्रशासन से शिकायत की तैयारी कर रहे हैं।




### पब्लिकेशन से सीधे संपर्क

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस पूरे खेल में स्कूलों का सीधे निजी पब्लिकेशन से संपर्क रहता है। स्कूल पब्लिकेशन से कमीशन का सौदा करता है। फिर स्कूल पालकों से उस पब्लिकेशन की किताबों को खरीदने का दबाव बनाया जाता है और इतना ही नहीं जिस पब्लिकेशन की किताबों का स्कूल उपयोग कर रहा है उसे बेचने वाले बुक स्टोर वाले से भी कमीशन का सौदा करते हैं।

# बेरलाकला एनीकेट की जल्द की जाएगी मरम्मत अवैध परिवहन करने वाले ट्रकों पर लगाई रोक


हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

बेरलाकला एनीकेट की जर्जर स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने तत्काल इस रास्ते से गुजरने वाली अवैध खनन में शामिल ट्रकों के परिचालन पर रोक लगा दी है। साथ ही जर्जर पुल की मरम्मत का भी आदेश दिया है।

- जिपं अध्यक्ष ने जलसंसाधन विभाग के इंजीनियर के साथ किया पुल का निरीक्षण

स्थानीय लोगों से मिली काफी शिकायतों के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी एवं दुर्ग जिले के जल संसाधन विभाग के इंजीनियर शौर्य ने ⏭शेष पेज 12 पर

## जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना ने दिया आदेश




### गांवों में ग्राम सभा शीघ्र

निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि एनीकेट के ऊपर से अवैध रूप से मुरुम और रेत का परिवहन करने वाली ट्रकों का परिचालन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है, जिससे पुल पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है और उसकी स्थिति और भी खराब हो रही है। इस पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए। इसके लिए बेरलाकला और गुधेली पंचायत के सरपंचों एवं ग्रामीणों के साथ जल्द ही ग्राम सभा आयोजित कर पुल पर हो रहे अवैध परिवहन को रोकने के लिए प्रस्ताव पारित किया जाएगा।

# सड़क पर खड़ी हार्वेस्टर से भिड़ी कार, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा



राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-30 बेमेतरा सिमगा मार्ग पर स्थित पथर्रा गाँव के समीप एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई। जिसमें सड़क पर खड़ी हार्वेस्टर से बलेनो कार तीव्र गति से जा टकराई। जिसमे कार में सवार 07 लोगों में से आन्दू गाँव निवासी प्रकाश दास मानिकपुरी की मौके पर मौत हो गई, जबकि 04 को गम्भीर स्थिति में बेमेतरा में रिफर किया गया। वहीं, दो अन्य को मामूली चोट आने पर सिमगा अस्पताल में उपचार किया गया। इस हादसे के बाद नेशनल हाइवे की सड़क पर मुसाफिरों एवं राहगीरों सहित ग्रामीणों का काफी जमावड़ा लग गया है,जिसे सूचना पर सिटी कोतवाली पुलिस की टीम ने मौके पर ⏭शेष पेज 12 पर

- बेमेतरा-सिमगा मार्ग पर ग्राम पथर्रा के पास हुई भीषण सड़क दुर्घटना

### 6 माह में दर्जनभर से ज्यादा दुर्घटनाएं

बता दें कि कठिया-रांका क्षेत्र में स्थित नेशनल हाईवे पर विगत छह महीने के अंदर एक दर्जन से ज्यादा बड़े सड़क दुर्घटना हो चुकी है, जिसके कारण इलाका आम नागरिकों के लिए डेंजर जोन बन गया है। इससे सड़क से गुजरने में अब स्थानीय लोगों में दहशत भी बढ़ने लगी है। वहीं, इलाके में सड़क हादसा एवं बढ़ते आपराधिक वारदात के कारण एक बार फिर पुलिस चौकी खोलने की बहुप्रतीक्षित मांग शासन-प्रशासन से शुरू हो गयी है। जिसमे नेशनल हाईवे क्षेत्र के महत्व को देखते हुए पुलिस चौकी कार्यालय स्थानीय स्तर पर खुलने की आस क्षेत्रवासियों को काफी अरसे से की जा रही है।

# ग्राम पंचायत भवन में लटका ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा/नारायणपुर

ग्राम पंचायत नारायणपुर सहित जिले के ग्राम पंचायत भवन पंचायती राज के सदन में ताला लटके होने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में पंचायती राज चुनाव होने के बाद नव-निर्वाचित सरपंच व उप सरपंच तथा पंच पद पर सचिव ने पंचायती राज के सदन में शपथ ग्रहण तो कराया गया, लेकिन कार्यभार नहीं मिल पाई है, जिससे पंचायत भवन में ताला लटके होने से ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए इधर-उधर भटकने मजबूर है। प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्राम सेवक, मनरेगा सहित अनेक कार्य नियमित रूप से संचालित होते हैं। ग्रामीणों को भी छोटी-छोटी अनेक प्रकार की समस्या होती है, जिसके निराकरण के लिए पंचायत को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, शासन प्रशासन की महत्वाकांक्षी योजना जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना और गैस सिलेंडर, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, आय प्रमाण पत्र, जाति, निवास निराश्रित पेंशन तथा विधवा पेंशन से लाभ नहीं मिलने की शिकवा-शिकायता ग्राम पंचायत में की जाती है।




- पंचायत सचिवों की हड़ताल के कारण प्रभावित हो रहे काम

लेकिन, ग्राम पंचायत नारायणपुर में ताला लटकने से जनहित कार्य ठाप हो चुके हैं। जिससे ग्रामीण व रह वासियों को भारी दिक्कतें व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पंचायतों में मूलभूत कार्य हो रहे प्रभावित शासकीय कारण की एक सूची मांग को लेकर सचिवों का कहना है कि उनकी मांग जायज,जिस पर सरकार से कई दौर की वार्ता भी विफल हो चुकी है। आगामी 7 अप्रैल को जिला स्तर पर प्रदर्शन के बाद चरण बद्ध से प्रदर्शन को और उग्र किया जाएगा, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा जब तक हमारी मांगे नहीं मान ली जाएगी। हड़ताल के चलते ग्रामीण इलाकों में ओ लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत में कामकाज ठप्प है, जिससे आय प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, पीएम आवास, मनरेगा पेंशन वितरण समेत पंचायतों के मूलभूत कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए वय वंदना कार्ड बनाने 3 दिवसीय शिविर कल से

**बेमेतरा।** वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा के तहत लाभ दिलाने के उद्देश्य से बेमेतरा जिले में 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के नागरिकों का शत-प्रतिशत वय वंदना कार्ड बनाए जाने के लिए विशेष महाअभियान चलाया जा रहा है। जिले में प्रथम चरण के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य 34,076 के विरुद्ध अब तक 16,951 हितग्राहियों का वय वंदना कार्ड बनाया जा चुका है। शेष बचे 17,125 हितग्राहियों के कार्ड बनाए जाने के लिए 7 अप्रैल से 9 अप्रैल 2025 तक 3 दिवसीय महाअभियान आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, खंड चिकित्सा अधिकारी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर सहित संबंधित विभागों को बैठक लेकर विशेष योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने महाअभियान के दौरान शिविर और डोर-टू-डोर अभियान के माध्यम से हितग्राहियों तक पहुँचा जाएगा। इसमें कॉमन सर्विस सेंटर, ग्राम सचिव, रोजगार सहायक, स्वास्थ्य केन्द्रों के ऑपरेटर, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला समूह, बैंक सखी एवं विकासखंड स्तर के अन्य कर्मचारियों की सहायता ली जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे संलग्न प्रारूप के अनुसार नामवार ड्यूटी लगाकर सतत निगरानी एवं समीक्षा सुनिश्चित करें, ताकि जिले में शेष सभी पात्र वरिष्ठ नागरिकों को वय वंदना योजना का लाभ समय पर प्रदान किया जा सके।

# तेज धूप में घर से बाहर निकलने से बचें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

ग्रीष्म ऋतु के दौरान संभावित लू (हीट वेव) और तापघात से जनसामान्य को सुरक्षित रखने के लिए शासन ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार, जिले में लू-तापघात से बचाव और आवश्यक तैयारियों को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, जिला, तहसील एवं ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। शिक्षकों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, पंचायत सचिवों और कोटवारों को इस अभियान में सक्रिय रूप से शामिल कर आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। गर्मी के मौसम में विशेष रूप से बुजुर्ग, बच्चे, गर्भवती महिलाएं और श्रमिकों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। बेमेतरा जिले में लू और तापघात से बचाव की तैयारियों को सुचारू रूप से लागू करने के लिए डिप्टी कलेक्टर पिंकी मनहर को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। आपदा के समय उनसे मोबाइल नंबर/व्हॉट्सएप नंबर 88175-94204 पर संपर्क किया जा सकता है।

- गर्मी में लू से बचाव के लिए प्रशासन ने जारी की एडवायजरी

### जनता के लिए महत्वपूर्ण निर्देश

जारी एडवायजरी के अनुसार नागरिकों को अत्यधिक गर्मी के समय 12 बजे से 3 बजे तक बाहर निकलने से बचने को कहा गया है। इसी तरह अधिक से अधिक पानी और तरल पदार्थों का सेवन करें, हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें और सिर को ढककर रखें। घर से बाहर जाते समय छाता, टोपी या गीला कपड़ा सिर पर रखें। अस्वस्थ महसूस करने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें। जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे इन दिशा-निर्देशों का पालन करें और लू-तापघात से बचाव के लिए जागरूकता बढ़ाने में सहयोग करें।




## खबर संक्षेप



### ग्राम बघमरा में शासकीय उचित मूल्य की दुकान खुली

**गुण्डरदेही।** नगर पंचायत अंतर्गत बघमरा में शनिवार को शासकीय उचित मूल्य की दुकान का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर, पार्षद पोषण निषाद, हरीश निषाद, संतोष नेताम, लोकेश्वरी यादव, हेमंत सोनकर, रुखसाना तिगाला, सलीम खान, हेमलता सोनी, पूजा बिंझेकर, शैल महोबिया, सेवक महिपाल और रोम लाल यादव, कलिंदा निषाद, बाला निषाद, धीरेन्द्र निषाद, सुभाष चंद्राकर आदि उपस्थिति हुए। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने बताया कि वर्तमान में राशन दुकान वार्ड नंबर 14 में संचालित है जो कि बघमरा से दूर पड़ता है जिससे लोगों को परेशानी होती थी। बघमरा में शासकीय उचित मूल्य की दुकान खुलने से इसका सीधा लाभ यहां के रहवासियों को मिलेगा। वार्ड 1 से लेकर वार्ड क्रमांक 8 तक के लोगों को यहां से राशन दिया जाएगा। जैन ने बताया कि पेयजल की गंभीर समस्या को देखते हुए नगर में तीन बोर खनन कराया गया जिससे अब नगरवासियों को पानी की कमी नहीं होगी। टंकी में पानी भरकर घरों तक पहुंचाया जा रहा है। इसके आलावा तीन पानी टैंकर प्रतिदिन नगर में पानी की सप्लाई हो रही है।

### साइंस कॉलेज परिसर में खुलेगा स्टार्टअप सेंटर

**दुर्ग।** जिले में आर्थिक विकास और रोजगार को बढ़ावा देने जिला मुख्यालय स्थित साइंस कालेज परिसर में शीघ्र स्टार्टअप सेंटर का शुभारंभ होगा। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने साइंस कालेज परिसर में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम से संलग्न कक्ष जिसमें स्टार्टअप सेंटर स्थापित किया जाएगा का अवलोकन किया। उन्होंने प्रोग्राम मैनेजर समिरन मित्रा, पीएमयू अयाज खान और सुश्री यामिनी से स्टार्टअप गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही सेंटर में आवश्यक निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। ज्ञात हो कि स्टार्टअप पहल का लक्ष्य नवाचार और उद्यमशीलता के लिए एक ऐसा सुदृढ़ परिस्थितिकी तंत्र निर्मित करना है जो कर लाभ, सरल अनुपालन और वित्त पोषण के अभिगम जैसे उपायों के माध्यम से स्टार्टअप्स की सहायता कर आर्थिक विकास और रोजगार को बढ़ावा दें। स्टार्टअप इंडिया पहल का उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, स्टार्टअप का समर्थन करना और निवेश को प्रोत्साहित करना है।

### दुर्ग जिले के 53 युवा बने अग्निवीर

**दुर्ग।** अग्निवीर थल सेना के लिए वर्ष 2024-25 में लिखित परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों के लिए आवासीय एवं गैर आवासीय शारीरिक दक्षता परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। अग्निवीर भर्ती शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं चिकित्सा परीक्षा रायगढ़ में आयोजित की गई थी, जिसका परिणाम भारतीय थल सेना द्वारा 21 मार्च को घोषित किया गया है। जिसके अनुसार दुर्ग जिले से कुल 53 अभ्यर्थी अग्निवीर भारतीय थल सेना के लिए चयनित हुए है।

## अष्टमी पर हवन-पूजन कर करवाया नौ कन्या भोज







रायपुर/गंडई। नवरात्रि के अवसर पर अंचल में मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा-अर्चना की जा रही है। इस अवसर पर ग्राम धोधा में ज्योति कलश स्थापित कर जंवारा बोया गया है। नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर हवन-पूजा की गई। उसके बाद नौ कन्या भोज कराया गया।

### गुहार : बेटे की तलाश कर थक चुके परिजनों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

# महीने भर पहले निकला जवान न ड्यूटी पर पहुंचा, न घर लौटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद/गुण्डरदेही

- जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रीय राईफल की 48वीं बटालियन में पदस्थ है जवान

जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रीय राईफल की 48वीं बटालियन में पदस्थ जवान, जो रनचिरई थाना क्षेत्र के कलंगपुर गांव का रहने वाला है, वो पिछले 30 दिनों से घर नहीं लौटा है। परिजनों का कहना है कि जवान घर पर 4 मोबाईल और डॉक्यूमेंट छोड़कर 6 मार्च को निकला था, जो आज तक घर नहीं लौटा है।

मिली जानकारी के अनुसार जवान का नाम शेजसिंह मंडावी 25 वर्ष है, जो कश्मीर में राष्ट्रीय राईफल की 48वीं बटालियन में पदस्थ हैं। वे अपने बीमार पिता गुलाब सिंह मंडावी के ईलाज के लिए छुट्टी लेकर 2 फरवरी 2025 को घर पहुंचे। पिता की हालत बिगड़ती जा रही है जबकि मां का रो रोकर बुरा हाल है। मां दुलेश्वरी मंडावी ने बताया कि उन्हे लगा था कि उनका बेटा वापस कश्मीर चला गया है, लेकिन सेना के जवानों ने परिवार वालों को सूचना दी कि शेजसिंह अभी तक काम पर नहीं लौटा है। बेटे के नहीं मिलने की वजह से वह काफी परेशान है। मां रो रोकर बेटे के सुरक्षित लौटने की दुआ कर रही है। मां ने बताया कि बेटा जब 6 मार्च को घर से निकला, तो स्पोर्टस ड्रेस पहना हुआ था। वह अपने साथ मोबाईल भी लेकर नहीं गया है, जिसकी वजह से उससे संपर्क नहीं कर पा रहे हैं।

शेजसिंह मंडावी के छोटे भाई का नाम तुषार मंडावी ने बताया कि वह बालोद में आईटीआई कर रहा है। लापता होने से पहले जवान ने अपने भाई को फोन कर गांव बुलाया था। जवान घर का बड़ा बेटा है। सारी जिम्मेदारी उसी पर ही है। परिवार के लोगों ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर जवान को ढूंढने का आग्रह किया है।

**बीमार पिता के इलाज के लिए अपने गांव कलंगपुर आया था जवान शेजसिंह मंडावी**





#### चाचा ने दर्ज कराई रिपोर्ट

शेजसिंह मंडावी के चाचा दुर्गाप्रसाद ने बताया कि पिता को ईलाज के लिए हॉस्पिटल भी लेकर जाता था। वह घर से काम में जा रहा हूं कहकर निकला था, लेकिन बाद में पता चला कि काम पर पहुंचा ही नहीं। इससे उनके परिवार वाले परेशान हैं। दुर्गा प्रसाद ने बताया कि हम लोगों ने शेजसिंह को बहुत ढूंढा लेकिन कहीं नहीं मिला। हर जगह तलाश करने के बाद भी जब भतीजे का कहीं कुछ पता नहीं चला, तो उन्होंने 10 मार्च को रनचिरई थाने में गुमशुदगी की रिपार्ट दर्ज कराई। पुलिस भी बेटे की तलाश कर रही है, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।

## बालोद मंडल के सभी बूथों में भाजपा के स्थापना दिवस पर होंगे विविध कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

- पार्टी जिलाध्यक्ष, नपाध्यक्ष व मंडल अध्यक्ष की उपस्थिति में तैयारियों को लेकर हुई बैठक

भारतीय जनता पार्टी द्वारा 6 अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस से लेकर 14 अप्रैल भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जयंती तक बड़े स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बालोद मंडल के प्रत्येक बूथ स्तर पर मनाए जाने की योजना बनाई गई। बालोद शहर में 20 बूथ के अध्यक्षों को मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा के नेतृत्व में भारत माता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा भेंट की गई, ताकि आने वाले दिनों में भाजपा का कोई भी कार्यक्रम हो तो हर बूथ में इन्हें रखा जाए और शुरुआत इनकी पूजा-अर्चना के साथ हो। साथ ही हर बूथ में भाजपा का झंडा वितरित किया गया। इसके साथ ही उनसे आग्रह किया गया कि पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर कल से ही बूथ के हर कार्यकर्ता के घर भाजपा का झण्डा अवश्य लगाएं।

बैठक में मंडल द्वारा पालिका चुनाव से पूर्व किये गए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में जांच कराए गए लोगों को निशुल्क चश्मा वितरित किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा ने बैठक को संबोधित करते हुए आने वाले दिनों में पार्टी द्वारा 6 अप्रैल से लेकर 14 अप्रैल तक आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के बारे जानकारी दी। इसके लिए कार्ययोजना तैयार कर सभी बूथों में अलग-अलग प्रभारी नियुक्त किए गए। साथ ही 20 बूथ में मंडल के वरिष्ठजनों को अलग-अलग स्थान पर वक्ता बनाकर भेजने की रूपरेखा तैयार की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख ने कार्यकर्ताओं को पार्टी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। वहीं बैठक के प्रभारी गुरुर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा स्थापना दिवस के अवसर पर सभी कार्यक्रम बूथ स्तर पर आयोजित करने को कहा। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने कहा कि मेरी जीत के बाद भाजपा मंडल की यह पहली बैठक है। उन्होंने नपा अध्यक्ष बनाए जाने के लिए सभी का आभार जताया। वहीं, नगर पालिका उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष कमलेश सोनी तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश निरंकार निर्मलकर ने सभी कार्यकर्ताओं से सभी कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने का आग्रह किया। बैठक का संचालन महामंत्री नरेंद्र सोनवानी व आभार प्रदर्शन महामंत्री संतोष कौशिक ने किया।

## भाजपा मंडल गुरूर की बैठक में कार्यक्रमों को लेकर की गई चर्चा







**गुरूर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल गुरुर की बैठक में संगठन की आगामी कार्यों को निष्पादित करने के लिए वक्ताओं ने मार्गदर्शन दिया। बैठक में गुरूर मंडल के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष आनंद शर्मा ने कार्यभार ग्रहण किया। भाजपा के वरिष्ठ सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने नए अध्यक्ष आनंद शर्मा का स्वागत किया। 06 अप्रैल से 14 अप्रैल तक की कार्य योजनाओं के बारे में समस्त कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व जिला अध्यक्ष पवन साहू, मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष ईशा प्रकाश साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू, जिला पंचायत सदस्य चंद्रिका गंजीर, उपाध्यक्ष कुंती सिन्हा, जनपद सदस्य गण ऐनुराम सोनवानी, रामसहाय साहू, लालिता पिमन साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सीएम का माना आभार...





दुर्ग। खादी ग्रामोद्योग बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद राकेश पांडेय शुक्रवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात कर नियुक्ति के लिए आभार जताया। श्री पांडेय ने बोर्ड के महत्वपूर्ण मसलों पर सीएम से चर्चा भी की।

## मनरेगा मजदूरों को अब मिलेगी 261 रुपए मजदूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

मनरेगा में काम करने वाले श्रमिकों की सैलरी में बढ़ोतरी हुई है। केंद्र सरकार ने 2025-26 के लिए महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत रोजगार करने वाले ग्रामीण मजदूरी की राशि का निर्धारण किया है।इसी कड़ी में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1 अप्रैल 2025 से पुरानी दर 243 रुपए से 18 रूपये की बढ़ोतरी करते हुए केंद्रीय ग्रामीण मंत्रालय विकास ने मनरेगा मजदूरी दर 261 रुपए कर दी है।

मजदूरी 261 रुपये की प्रति कार्य दिवस की दर से मिलेगी। केंद्रीय ग्रामीण मंत्रालय विकास ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरी दरों में बदलाव का नोटिफिकेशन भी जारी किया गया है। यह नवीन दर 1 अप्रैल से ही लागू कर दी गई है। एक अप्रैल से मनरेगा मजदूरी की राशि सीधे आधारकार्ड बैंक से लिंक करने पर खाते में जमा होगी, इससे श्रमिकों को कहीं भटकना नहीं पड़ेगा। मजदूर देश के किसी भी कोने में जाकर ग्राहक सेवा केंद्र एवं बैंक से अपनी मजदूरी की राशि निकाल सकेंगे।

## तालाबों को भरने नहरों में छोड़ा गया पानी, किसान खेतों में पहुंचा रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लाटाबोड़





अप्रैल माह के शुरुआती सप्ताह के साथ ही गर्मी पड़ने लगी है। इन दिनों तालाब कुएं, हैंडपंप, बोर का जल स्तर तेजी से गिरने के कारण पेयजल संकट गहराने लगा है। महिलाओं क्रो रात रात भर जागकर पानी भरना पड़ रहा है। वहीं, पानी की समस्या क्रो देखते हुए शासन प्रशासन द्वारा नहर से पानी छोड़ा गया है। वह, इन दिनों रबी की धान फसल लेने वाले कई किसानों द्वारा सीधे नहर में पंप लगाकर खेतों में सिंचाई किए जाने की शिकायत मिल रही है। गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम मोहलई में तान्दुला मोहंदीपाट डायवर्सन मोहलई ऐनीकट के ऊपर नीचे लगभग 1 दर्जन किसानों के खेत लगे हुए हैं। इनमें से कुछ ऐसे किसान हैं जिन्होंने रबी सीजन में धान फसल ली है, जिसकी सिंचाई के लिए गुपचुप तरीके से मोटरपंप लगाकर सीधे अपने खेतों में पानी पहुंचा रहे हैं। इसके कारण निस्तारी के लिए तालाबों को भरने के लिए छोड़ा जा रहा पानी, खेतों में पहुंच रहा है।

### अधिकारियों ने कहा की जाएगी कार्रवाई

इस सम्बन्ध में सिकोसा जेई चंद्रकुमार बघेल ने कहा कि मौका पर निरीक्षण कर जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, बालोद मुख्य कार्यपालन अभियंता ने कहा कि इस तरह के मामले में कार्यवाही लगातार जारी है, फिर भी मैं जांच करवाता हूं।

## पेज 11 के शेष...

### बेरलाकला एनीकेट...

संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एनीकेट की खस्ता हालत और जगह-जगह गड्ढों के कारण हो रही दुर्घटनाओं को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष ने गंभीर चिंता व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि एनीकेट की कंक्रीट संरचना बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है, और सरियों के बाहर आने से पुल की मजबूती कमजोर हो गई है। इस कारण से यहां से गुजरने वाले वाहनों और आम नागरिकों को हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। इस स्थिति को देखते हुए, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से जल्द से जल्द मरम्मत कार्य शुरू करने का निर्देश दिया है। जल संसाधन विभाग के एई शौर्य ने भी हालात का जायजा लेने के बाद आश्वासन दिया कि बहुत जल्द इस एनीकेट की मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा, ताकि जनता को किसी भी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। इस निरीक्षण अभियान में कई पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। इनमें बेरलाकला सरपंच जमुना जया मिर्झा, उपसरपंच हिरावण साहू, पूर्व सरपंच जोहत्रि निषाद, पूर्व सरपंच खेलन यादव, गुधेली पूर्व सरपंच नेतराम परगनिहा, गुधेली के वरिष्ठ नागरिक डा. डीके वर्मा तथा अन्य गणमान्य नागरिकों में परमानंद निषाद, डगेंद्र साहू, कृष्णा निषाद, निषाद साहू, उमा साहू, भानबती निषाद, बलीराम साहू, पूर्णिमा निषाद, तेजराम निषाद, जागृति निषाद, लक्ष्मी निषाद, मारखंडे निषाद भी शामिल रहे।

### सड़क पर खड़ी...

यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराई। बताया जा रहा है कि हादसा सड़क पर खड़े हार्वेस्टर वाहन के कारण हुई, जिस पर काफी तेज रफ्तार से कार की टक्कर हो गयी। इस मामले में सिटी कोतवाली थाना बेमेतरा की पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर घायलों की उपचार की तुरंत व्यवस्था कराई। वहीं, शव का पंचनामा बनाकर मर्च्युरी भेजा गया। वही मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी गयी है। उधर, इस जोरदार टक्कर में बलेनो कार के परखच्चे उड़ गए हैं।

## जिले में पेयजल संकट से निपटने के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति

**बेमेतरा।** गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले में पेयजल आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा विशेष पहल की गई है। विभाग ने जिला, विकासखंड और जनपद स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है, जो अपने-अपने क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था की निगरानी करेंगे और किसी भी तरह की समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे। जिले के किसी भी गांव या क्षेत्र में यदि पेयजल संकट उत्पन्न होता है, हैंडपंप खराब हो जाते हैं या जल आपूर्ति बाधित होती है, तो आम नागरिक संबंधित नोडल अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा, टोल-फ्री नंबर 1800-233-0008 पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इस व्यवस्था के तहत जिले में एक नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) भी स्थापित किया गया है, जहां प्राप्त शिकायतों का शीघ्र समाधान किया जाएगा। जिला स्तर पर मोतीलाल ठाकुर सहायक मानचित्रकार को जिम्मेदारी दी गई है इसी तरह, बेमेतरा विकासखंड में संतोष कुमार नायक सहायक अभियंता को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है बेमेतरा जनपद में योगेश कुमार सिन्हा उपअभियंता को जिम्मेदारी दी गई है। नवागढ़ विकासखंड के लिए बी.के. कौशल उपअभियंता को नियुक्त किया गया है, जिनसे संपर्क किया जा सकता है। इसी तरह, साजा विकासखंड में संदीप प्रधान सहायक अभियंता को नोडल अधिकारी बनाया गया है। साजा जनपद में एके केशर उपअभियंता को नियुक्त किया गया है। वहीं, बेरला जनपद की जिम्मेदारी डीएल वर्मा को दी गई है।

## सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने पर एफआईआर

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने वालों पर पुलिस कार्रवाई करेगी। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा कोसा नाला पाथवे पर स्वच्छ भारत अभियान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए वहां पर 2 अप्रैल को 110 बाई 8 का फ्लैक्स लगाया गया था। 3 अप्रैल को देखने में मिला कि अज्ञात चोरों द्वारा पूरे 110×8 फिट का फ्लेक्स को काट कर हटा दिया गया है। इधर उधर देखने पर भी नहीं मिला उस फ्लेक्स में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया जा रहा था। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के आदेश पर सुपेला पुलिस थाना में जोन 01 के सहायक राजस्व अधिकारी प्रसन्न कुमार तिवारी द्वारा शिकायत लिखित में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। यह भी शिकायत की गई थी कि उद्यानों में लगे फैसिंग वायर, लोहे के ग्रील, बाउंड्रीवाल, नगर निगम के मोटर पंप में लगे केबल वायर को भी चोरों द्वारा काट लिया जा रहा है।

HEALTH TOWN
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**आरोप : बीएसपी प्रबंधन पर लग रहे लापरवाही के आरोप**

# प्लांट में हुई दुर्घटना ने खोली सुरक्षा उपायों की पोल

दीपक मित्तल ▶▶| दल्लीराजहरा

भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) की दल्लीराजहरा स्थित विभिन्न खदानों (माइंस) में सुरक्षा उपायों की अनदेखी के कारण एक बार फिर एक दर्दनाक हादसे ने दल्लीराजहरा शहर को हिला कर रख दिया है। दो दिन पूर्व जगन्नाथ पैलेस प्लांट में 50 फीट की ऊंचाई से एक श्रमिक श्रवण कुमार 42 वर्षी के गिरने से मौत हो गई। इस घटना ने एक बार फिर से बीएसपी की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, हाल के महीनों में खदानों में दुर्घटनाओं की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। दर्जनों श्रमिक अब तक इन हादसों का शिकार हो चुके हैं, जिनमें कई की जान जा चुकी है और कुछ गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इसके बावजूद बीएसपी प्रबंधन की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि जिन श्रमिक संगठनों को मजदूरों की आवाज़ बनना चाहिए, वे इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं। न तो यूनियन नेताओं ने खुलकर कोई विरोध दर्ज कराया है और न ही उन्होंने किसी प्रकार का दबाव बीएसपी प्रबंधन पर डाला है।

वहीं दूसरी ओर भाजपा और कांग्रेस जैसे बड़े राजनीतिक दलों के नेता भी इस गंभीर मुद्दे पर मौन धारण किए हुए हैं। स्थानीय श्रमिकों का कहना है कि पहले जहां कुछ बुनियादी सुरक्षा उपाय मौजूद थे, अब वे भी धीरे-धीरे हटा दिए गए हैं। हेल्मेट, सेफ्टी बेल्ट, लाइटिंग और अलार्म सिस्टम जैसी सुविधाओं में भारी कटौती की गई है। बीएसपी प्रबंधन अब न केवल सुरक्षा को नजरअंदाज कर रहा है, बल्कि पहले से दी जा रही सुविधाएं भी छीन रहा है।



### भाजपा नेता ने दी आंदोलन की चेतावनी

भाजपा नेता सौरभ लुनिया ने कहा कि बीएसपी प्रबंधन ने दल्लीराजहरा शहर वासियों के साथ सौतेला वार किया है। दल्लीराजहरा के माइंस में उत्खनन और परिवहन बीएसपी प्रबंधन कर रही है। ऐसी स्थिति में बीएसपी प्रबंधन को दल्लीराजहरा शहर में मूलभूत सुविधा देना चाहिए। साथ ही श्रमिकों को सुरक्षा से संबंधित सेफ्टी किट और सुरक्षा देना ही होगा, अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा। वहीं, संयुक्त खदान मजदूर संघ के महासचिव कंवलजीत सिंह मान कहते हैं कि बीएसपी प्रबंधन श्रमिकों के साथ जो व्यवहार कर रही है, वह अनुचित है। उन्हें नियमों के तहत कार्य कराना चाहिए।

### सुरक्षा मानकों का सख्ती से हो पालन

वहीं, इस संबंध में स्थानीय समाजसेवी संगठनों और कुछ जागरूक नागरिकों ने मांग की है कि बीएसपी प्रबंधन को सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करना चाहिए और हादसों के जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। यदि शीघ्र कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो आने वाले समय में व्यापक आंदोलन की चेतावनी भी दी जा रही है। वहीं, लोगों का कहना है कि दल्लीराजहरा की खदानों में हो रही दुर्घटनाएं न सिर्फ श्रमिकों की जिंदगी से खिलवाड़ हैं, बल्कि यह पूरे सिस्टम की विफलता को भी उजागर करती हैं। अब समय आ गया है कि शासन-प्रशासन, राजनैतिक दल और श्रमिक संगठन मिलकर इस गंभीर मुद्दे पर ठोस कार्यवाही करें, ताकि भविष्य में और जानें न जाएं।

### सुविधाएं उपलब्ध करा रहा प्रबंधन

बीएसपी प्रबंधन सीएसआर के तहत और मूलभूत सुविधा लगातार उपलब्ध करा रही है और शहर हित में सभी कार्य कर रही है। आगे भी करते रहेंगे और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाएगा।
**-आर बी गहरवार**, महाप्रबंधक, बीएसपी



## मिर्री टोला में हुई भाजपा की बैठक

**गुरूर**। भारतीय जनता पार्टी मंडल मिर्री टोला (पुरूर) की प्रथम आवश्यक बैठक हुई। बैठक में संगठन के आगामी कार्यों को निष्पादित करने के लिए वक्ताओं के माध्यम से मार्गदर्शन मिला। 06 अप्रैल से 14 अप्रैल तक की कार्य योजनाओं के बारे में समस्त कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व नपा अध्यक्ष बालोद यज्ञदत्त शर्मा, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, मंडल अध्यक्ष टुकेशवर पांडेय, जिला पंचायत सदस्य तेजराम साहू, जिला उप अध्यक्ष त्रिलोकी साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष बसंत ठाकुर, यादराम साहू, पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर बालचंद टंडन, जनार्दन सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मिनासत्येंद्र साहू, अध्यक्ष पूर्व जनपद पंचायत गुरुर डामेश्वरी साहू, महामंत्री भाजपा मंडल गुरुर मेहत्तर नेताम, रेणुकागजीर, हेमंत साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरुर संतोषी साहू, ग्राम फागुनदाह के सरपंच प्रहलाल साहू, कुबेर साहू, मितलेश साहू, बाबू लाल सिंह, होमशंकर साहू, अजय साहू, यदिप साहू, गिरिश साहू, बूथ अध्यक्ष गण, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा का स्थापना दिवस आज, तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**गुण्डरदेही**। भाजपा मंडल की बैठक शुक्रवार को भाजपा कार्यालय गुण्डरदेही में हुई। बैठक में राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा की स्थापना दिवस 6 अप्रैल पर बुथ में मनाने एवं हर घर झंडा लगाने का आह्वान किया। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष युवराज मार्कण्डेय ने कहा कि पार्टी द्वारा जो दिशा निर्देश आया है उसके अनुसार कार्यक्रम करना है। पार्टी का स्थापना दिवस 6 अप्रैल को है, जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को अपने बूथ में स्थापना दिवस मनाने है। बैठक प्रभारी ठाकुर राम चंद्रकार ने कहा कि 8 व 9 अप्रैल को सक्रिय कार्यकर्ताओं का एक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। वहीं 14 अप्रैल को डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई जाएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने भी पार्टी के स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाने का आह्वान किया। इसके साथ ही कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने–अपने घरों में पार्टी का झंडा अवश्य लगाएं। कार्यक्रम को नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर, मंडल महामंत्री सौरभ जैन ने भी संबोधित किया। बैठक में मंडल उपाध्यक्ष व पार्षद हरीश निषाद, जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्री, विनोद चंद्रकार, दिलीप कुल्हाड़े, भीखा राम साहू, नेतराम साहू, लवण साहू, मुकेश साहू, मोपन्द्र साहू, नविता साहू, पार्षद पूजा बिझेकर, शैल महोबिया, सेवक महिपाल, रोम लाल यादव, मदन साहू, डिलेश्वर साहू, लक्ष्मी कांत साहू, पृथ्वी साहू सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कुटीर उद्योगों का अध्ययन करने समूह की महिलाएं मध्यप्रदेश रवाना




**गुरूर**। महिला एवं बाल विकास विभाग जिला बालोद द्वारा महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रुप से सक्षम बनाने की दृष्टिकोण से दिशा दर्शन कार्यक्रम के लिए भ्रमण हेतु ग्राम ढिंढौरी मध्यप्रदेश में महिलाओं द्वारा स्थापित कुटीर उद्योग जिसमें मसाला निर्माण कार्य व मोहा का बिस्किट व अन्य प्रकार के बिस्किट निर्माण कार्य दिखाने हेतु लगभग पचास महिलाओं को विधायक संगीता सिन्हा द्वारा हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया गया। इसके तहत अमरकंटक, महामाया मंदिर व रतनपुर का मंदिर दर्शन का कार्यक्रम भी शामिल है। यह कार्यक्रम तीन दिवसीय है।

## स्व सहायता समूह की महिलाओं ने नपाध्यक्ष प्रतिभा से की भेंट



**बालोद**। पटेल समाज की माँ शाकम्भरी स्व सहायता समूह की महिला सदस्यों ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी और उपाध्यक्ष कमलेश सोनी से मुलाकात की। इस दौरान उनसे महिला सशक्तिकरण के संबंध में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में चर्चा की।

## ग्राम कोटेरा में निकाली गई शोभायात्रा





**डौंडीलोहारा**। मुख्यालय अंतर्गत खरखरा जलाशय के समीपस्थ ग्राम कोटेरा में स्कूली बच्चों एवं ग्रामवासियों ने भव्य शोभायात्रा निकाली। मां दंतेश्वरी मन्दिर प्रांगण से पूरे गांव में शोभायात्रा हर्षोल्लास से निकाली गई। वहीं, महाअष्टमी के दिन हवन-पूजन किया गया।

## प्राथमिक शाला मुढ़िया के चैतन्य व पुनेश का एकलव्य विद्यालय में चयन



**बालोद**। शासकीय प्राथमिक शाला मुढ़िया के दो छात्रों का एकलव्य विद्यालय में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। शिवकुमार सिन्हा ने बताया कि दोनों चयनित विद्यार्थियों को गुलदस्ता भेंटकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया।

उन्होंने बताया कि विद्यालय के चैतन्या नायक पिता रूपेश कुमार नायक व पुनेश कुमार सिहारे पिता राकेश कुमार सिहारे का एकलव्य विद्यालय में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। उनके चयन पर प्रधान पाठक गजपाल ठाकुर, तरुण गांवारे, चंद्रिका, हेमा रानी एवं समस्त शाला परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त की है।



## खबर संक्षेप



### मानव उत्थान सेवा समिति ने शुरू की प्याऊ सेवा

**नवागढ़।** सतपाल महाराज की प्रेरणा से संचालित मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा देशभर में जनसेवा के उद्देश्य से विभिन्न सेवा कार्य किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में राजराजेश्वरी देवी के जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में समिति द्वारा ठंडे एवं मीठे जल की सेवा (प्याऊ) का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को नवागढ़ बस स्टैंड में प्याऊ सेवा का शुभारंभ भिलाई आश्रम की प्रभारी साध्वी भुवनेश्वरी बाई के कर कमलों द्वारा विधिवत रूप से किया गया। शुभारंभ अवसर पर धार्मिक वातावरण, भक्ति गीतों एवं जयकारों के साथ जनमानस को मीठा एवं ठंडा जल पिलाया गया, जिससे आने-जाने वाले यात्रियों एवं राहगीरों को गर्मी से राहत मिली। समिति के संरक्षक हनुमान प्रसाद तिवारी ने बताया कि इस सेवा कार्य का मुख्य उद्देश्य न सिर्फ प्यासों को जल पिलाना है, बल्कि सेवा, करुणा एवं मानवता के संदेश को समाज में प्रसारित करना भी है। समिति द्वारा यह प्याऊ आगामी दो माह तक नियमित रूप से तहसील कार्यालय नवागढ़ के समीप संचालित किया जाएगा, जिसमें रोजाना बड़ी संख्या में लोगों को जलसेवा प्रदान की जाएगी।

इस पुनीत कार्य में समिति के अनेक सेवाभावी कार्यकर्ताओं ने अपनी भागीदारी निभाई। प्रमुख रूप से समिति तहसील सचिव नारायण कुमार निषाद, शाखा प्रधान उत्तम कुमार साहू, लीलाराम राजपूत, मोतीराम साहू, चमरु राम रजक, प्रहलाद राजपूत, गंगाराम राजपूत, देवचरण एवं कमलेश का विशेष योगदान रहा, जिनकी सेवा भावना व समर्पण अत्यंत सराहनीय है। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, श्रद्धालुओं तथा समिति के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। लोगों ने मानव उत्थान सेवा समिति के इस कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की और कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।

### सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति के सभापति बने दीवान

**बेमेतरा।** जनपद पंचायत में बुधवार को सभापति पद का चुनाव हुआ। चुनाव में सनतधर दीवान



सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति का सभापति चुना गया। इससे पहले भी वह एक बार जनपद उपाध्यक्ष व दो बार सभापति रह चुके हैं। यह उनका चौथा कार्यकाल है। वे क्षेत्र क्रमांक 10 से सामान्य सीट पर कांग्रेस समर्पित प्रत्याशी थे। दीवान के सभापति बनने पर क्षेत्रवासियों ने हर्ष जताया है। दीवान ने कहा है कि वे पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने इस नए दायित्व को निभाएंगे।

### वाहन की ठोकर से युवक की मौत

**भिलाई।** अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जामुल पुलिस ने बताया कि खैरागढ़ निवासी शिव कुमार पटेल शादी कार्यक्रम में शामिल होने जामुल आया हुआ था।

**आस्था : देवी मंदिरों में सुबह से लगी रही श्रद्धालुओं की भीड़**

# अष्टमी पर अंचल में गूंजा स्वाहा, श्रद्धालुओं ने हवन-पूजन के बाद कराया नौ कन्या भोज





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

बेरला अंचल में चैत्र नवरात्रि के पर्व पर देवालयों व घरों में ज्योति जंवारा को लेकर उत्साह बना हुआ है। गांव व शहर में श्रद्धालुओं द्वारा बड़ी संख्या में मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं। वहीं, मां शीतला महामाया व घरों में मनोकामना के साथ जंवारा बोया गया है। आपको बता दें कि बेरला क्षेत्र के ग्राम मनियारी में इस चैत्र नवरात्रि के पर्व पर शीतला मंदिर के साथ गांव के श्रद्धालुओं ने भी अपनी मनोकामना को लेकर अपने घरों में ज्योति कलश और जंवारा बोए हैं। वहीं, सांझ ढलते ही मंदिरों व घरों माता की आरती पूजा की जाती है। यह सिलसिला लगातार जारी है। इस अवसर पर माता के सेवा गीत व जयकारों से पूरे गांव गूंज रहे हैं। माता शीतला, महामाया व हिंगलाज माई के सेवा में सेउक सेवक मांदर की धुन पर जसगीतों का आयोजन हो रहा है, जिससे समूचा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। ग्राम मनियारी के शीतला माता मंदिर में 11 ज्योति कलश जल रहे हैं। श्रद्धालुओं ने मनोकामना की ज्योति जलवाए हैं। इस अष्टमी पर हवन पूजा के बाद देवी स्वरूपा मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा के लिए व्रतधारियों ने कन्याओं का श्रृंगार कर उनकी पूजा कर उन्हें भोजन कराया। उसके बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

- लोगों ने माता के विभिन्न रूपों के दर्शन कर लिया आशीर्वाद

## जिला पंचायत सदस्य मधु ने देवी मंदिरों में किया दर्शन

**नवागढ़।** महा अष्टमी के पावन अवसर पर विधानसभा क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय ने क्षेत्र के प्रमुख देवी मंदिरों का दौरा कर विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और निरंतर विकास के लिए माता से आशीर्वाद मांगा।

पूजा के दौरान मंदिर परिसर में स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही थी। ग्रामीणों से संवाद करते हुए उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को भी सुना और समाधान का आश्वासन दिया। मधु रॉय ने कहा कि हमारी संस्कृति और परंपराएं हमारी असली पहचान हैं। देवी मंदिरों का दर्शन कर आत्मिक शांति मिलती है और क्षेत्र की भलाई के लिए सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है।उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास, महिलाओं की सशक्तिकरण योजनाएं और जमीन तक शासन की योजनाओं को ले जाना मेरी प्राथमिकता है। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता, ग्रामीण उपस्थित रहे।



## चीजगांव में धूमधाम से मनाई गई अष्टमी



**थानखम्हरिया।** समीपस्थ ग्राम चीजगांव में शनिवार को चैत्र नवरात्रि की अष्टमी तिथि को शीतला मंदिर में हवन-पूजन किया गया। हवन-पूजन जस सेवा गीत गायन करते हुए किया गया। इस तिथि में मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की आराधना का विधान है। अष्टमी के दिन कुल देवी की पूजा के साथ ही मां काली, दक्षिण काली, भद्रकाली और महाकाली की पूजा होती है। नवरात्र के नौ दिनों में देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। अष्टमी तिथि के पावन अवसर पर नौ कन्या पूजन का आयोजन किया गया। पूर्णाहुति के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। अष्टमी पर्व के दिन शीतला प्रांगण में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिला। ग्राम के मां शीतला भवानी के साथ-साथ ग्राम के दो श्रद्धालुजनों के घर भी ज्योत जवारां प्रज्ज्वलित किया गया। साथ ही गोवर्धन साहू एवं कुमार साहू ने गांव के सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद के लिए आमंत्रित किया एवं प्रसाद रूप में खीर-पूड़ी, चावल, दाल एवं सब्जी बांटी गई। सभी जगह धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ अष्टमी पर्व मनाया गया।

## अष्टमी पर देवी मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़



**नवागढ़।** चैत्र नवरात्रि की महा अष्टमी तिथि पर नवागढ़ शहर सहित क्षेत्र के प्रमुख देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए मंदिरों की ओर उमड़ने लगे। मंदिर परिसर जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा। महा अष्टमी के अवसर पर विशेष पूजा, हवन एवं कन्या पूजन का आयोजन श्रद्धा और विधि-विधान के साथ किया गया।

नवागढ़ स्थित प्राचीन माँ महामाया मंदिर में भी भक्तिभाव से हवन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर परम्परानुसार नवागढ़ नगर प्रधान विकास धर दीवान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने माँ महामाया की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

हवन एवं पूजन कार्यक्रम का विधिवत आयोजन मंदिर समिति द्वारा किया गया, जिसमें वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियाँ दी गईं। श्रद्धालुओं ने नारियल, फल-फूल एवं हवन सामग्री अर्पित कर माता रानी से परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के उपरांत भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्तिरस और आध्यात्मिक ऊर्जा का वातावरण बना रहा। इस अवसर पर नगर प्रधान दीवान ने कहा कि माँ महामाया की कृपा से नगर में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे यही हमारी कामना है। माँ के दरबार में श्रद्धालुओं की इतनी बड़ी उपस्थिति यह दर्शाती है कि आस्था आज भी नगरवासियों के जीवन का आधार है। यह आयोजन नगर को एक आध्यात्मिक वातावरण प्रदान करता है, जो समाज को जोड़ने में भी सहायक है। साथ में वरिष्ठ नागरिक रोशन धर दीवान भी शामिल हुए।

**नगर के अन्य मंदिरों में भी रहा उत्सव का माहौल-** माँ महामाया मंदिर के अतिरिक्त लखनी देवी मंदिर, शक्ति मंदिर, भैरव बाबा मंदिर, शारदा मंदिर सहित अन्य देवी स्थलों में भी महा अष्टमी के उपलक्ष्य में अनुष्ठान, हवन व पूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही दिनभर बनी रही और वातावरण भक्तिमय बना रहा।

# प्राथमिक शाला अकोला के बच्चों ने माँ शीतला व महामाया के किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

साजा विकासखंड के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला अकोला के बच्चों ने चैत्र नवरात्रि पर्व और महाअष्टमी के अवसर पर प्रधान पाठिका और सहायक शिक्षिका के साथ अकोला के माँ शीतला मंदिर और महामाया मंदिर दर्शन किए। मंदिर में 21 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवित हो रहे हैं। मंदिर के पुजारी व पंडा ने बच्चों को मंदिर के इतिहास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया की माँ महामाया की पूजा पिछले पचास सालों से हो रही है। पहले माता खुले स्थान में विराजमान थीं। पर धीरे-धीरे समय के साथ समुदाय का सहयोग मिलता गया और छत सहित मंदिर निर्माण किया गया। शाला की प्रधान पाठिका हिमकल्याणी सिन्हा ने बताया कि उन्हें भी बच्चों के साथ गाँव भ्रमण करने का अवसर मिला। बहुत ही शांत वातावरण में स्थित मंदिर पहुंचने पर असीम शांति की अनुभूति हुई। मातारानी के सभी ने दर्शन किए। बच्चे भी मंदिर दर्शन कर बहुत ख़ुश हुए। सभी को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर बहुत से ग्रामीण जन भी उपस्थित रहे। महाष्टमी के अवसर पर बच्चों ने शाला में फूलों से रंगोली सजाई। आलता लगाए, जस गीत गाए, चित्रकारी किए। प्रधान पाठिका हिमकल्याणी सिन्हा ने बच्चों को खरबूज और अंगूर और मिष्ठान्न खिलाई। हिन्दू नववर्ष और प्रकृति में होने वाले परिवर्तनों के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी।



## शीतला मंदिर में कन्याओं को कराया भोज



**थान खम्हरिया।** नगर में स्थित कुम्हार पारा वार्ड क्रमांक 7 में सैकड़ों साल से निर्मित नीम पेड़ के नीचे शीतला माता मंदिर स्थित है। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर में ज्योत प्रज्वलित की गई। अष्टमी के दिन प्रतिवर्षा अनुसार कन्या भोज कराया गया। इस मौके पर सैकड़ों कन्याओं व मोहल्ले वासी, परिवार जनों, मित्रजन सभी ने भोज प्रसादी ग्रहण की। कन्याओं को भोज कराने के बाद उन्हें उपहार देकर विदा किया।

# रेडक्रास के स्वयंसेवक नवरात्रि पर मंदिर में दे रहे निःशुल्क सेवा

**दल्लीराजहरा।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी बालोद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिखली द्वारा जुनियर रेडक्रास उपसमिति अध्यक्ष व जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले के दिशा-निर्देश पर 15 बच्चे नवरात्रि पर्व पर गंगा मैय्या मंदिर झलमला में निःशुल्क सेवा दे रहे हैं। जिला संगठक बालोद व चिखली स्कूल के रेडक्रास प्रभारी चन्द्रशेखर पवार ने बताया कि रेडक्रास का नारा है सेवा धर्म हमारा है, को चरितार्थ करते चिखली स्कूल के जुनियर रेडक्रास के स्वयंसेवक सेवा दे रहे हैं। दलनायक कुशाग्र ने बताया कि रेडक्रास का उद्देश्य स्वास्थ्य, सेवा, मित्रता होता है, जिसे हम सार्थक कर लोगों को रेडक्रास से अवगत करा रहे हैं। टोली नायक खीमन ने बताया कि हम लोग सुबह 4 बजे उठकर सर्वप्रथम मंदिर, मेला व पार्किंग स्थल की सफाई करते हैं। स्नान ध्यान करने के बाद पण्डितों को चाय नाश्ता देकर भोजनालय में सहयोग करते हैं। रूमेश व भूपेंद्र ने बताया कि वे लोग गंगा मैय्या मंदिर में 2015 से सेवा देने आ रहे हैं। रेडक्रास के बच्चे गंगा मैय्या मंदिर के दोनों नवरात्र में निःशुल्क सेवा देते हैं।



**साफ-सफाई से लेकर चाय-नाश्ता व भोजन परोसने का कर रहे कार्य-** सहायक टोली नायक प्रवीण ने बताया कि यह उसका पहला वर्ष है, जब वह सेवा देने आए हैं। सेवा से मन बहुत प्रसन्न है। पता ही नहीं चलता कब सुबह हो जाती है और कब शाम। हम लोग यहां पर स्वतंत्र रूप से कार्य करते हैं। यहां पर हमारे द्वारा भक्तों को मंदिर के अन्दर क्रमबद्ध दर्शन के लिए प्रवेश कराना, चढ़े हुए नारियल को हटाना, भक्तों को प्रसाद का वितरण, नाचा गम्मत टीम को चाय, स्वल्पाहार व खाना खिलाना, दाल-भात सेंटर में भोजन परोसना, सफाई, व अन्य कार्य किये जाते हैं। इस वर्ष भी 15 बच्चे झलमला में विभिन्न प्रकार की सेवा करके माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। सभी को अलग अलग टोली में बांट कर कार्य किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष सेवा शिविर से कुछ न कुछ सीखने को मिलता जिसे हम अपने जीवन में उतार सकते हैं।



**प्रमुख ट्रस्टी सोहन लाल टावरी ने की बच्चों की सराहना-** प्रमुख ट्रस्टी सोहन लाल टावरी ने सभी बच्चों की तारीफ करते हुए कहा कि ये बच्चे बहुत मेहनती हैं। सभी कार्य को करने तैयार रहते हैं। ये विगत 10 वर्षों से प्रत्येक नवरात्रि में सेवा देते आ रहे हैं। यह एक बहुत ही प्रेरणादायक और सराहनीय सेवा कार्य की जानकारी है। इस प्रकार की गतिविधियाँ न केवल बच्चों में सेवा भाव, अनुशासन और जिम्मेदारी का भाव विकसित करती हैं, बल्कि समाज को भी सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने में मदद करती है

**8 से 11 अप्रैल तक होगा सुशासन तिहार 2025 का आयोजन**

# समस्याओं का होगा त्वरित समाधान, कलेक्टर ने तैयारियों को लेकर ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में "सुशासन तिहार-2025" की तैयारियों को लेकर कलेक्टोरेट के दिशा सभा कक्ष में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार यह तिहार जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा एवं जनसंवाद को सशक्त बनाने हेतु तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि "सुशासन तिहार 2025" के माध्यम से आमजन की समस्याओं का समाधान तत्परता से करें, ताकि उन्हें कहीं और भटकना ना पड़े।

आवेदन संग्रहण 8 से 11 अप्रैल तक ग्राम पंचायत मुख्यालयों, नगरीय निकाय कार्यालयों, जनपद पंचायत कार्यालय एवं कॉमन सर्विस सेंटरों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। समाधान पेटियाँ लगाई जाएंगी ताकि आमजन अपनी समस्याएं निःसंकोच लिखकर डाल सकें।



**समाधान की प्रक्रिया अगले एक माह में-** सभी प्राप्त आवेदनों को स्कैन कर ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। प्रत्येक आवेदन को एक विशिष्ट कोड के साथ पावती प्रदान की जाएगी। संबंधित विभागों को आवेदन ऑनलाइन व भौतिक रूप से भेजे जाएंगे और एक माह के भीतर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। समाधान शिविर (5 मई - 31 मई 2025): प्रत्येक 6 से 15 पंचायतों के मध्य समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में मौके पर ही समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। शेष आवेदनों का समाधान एक माह के भीतर पूरा किया जाएगा। नगरीय निकायों में भी इसी प्रकार के शिविर आयोजित होंगे। बैठक में अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, जिले के सभी एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

**जनसेवा को समर्पित यह प्रयास बनेगा ऐतिहासिक-** कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अधिकारियों से आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने और सुशासन तिहार को जिले में नागरिकों के विश्वास को मजबूत करने का एक सफल और ऐतिहासिक अवसर बनाने का आह्वान किया। उन्होंने सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। प्रत्येक समाधान शिविर में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और हितग्राहीमूलक योजनाओं के फॉर्म वितरित किए जाएंगे। खंडस्तरीय प्रभारी अधिकारी, अनुभाग, विकासखंड तथा जिला स्तर के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहेंगे। साथ ही जनप्रतिनिधियों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी।"सुशासन तिहार 2025" के माध्यम से अधिकारी आमजन की समस्याओं का समाधान तत्परता से करेंगे ।

online Booking:-www.tripuryatra.com


23 मई, 06 जून, 25 जुलाइ,14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411